


## राजनीतिक



**● क्या 23 नवंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल होने की संभावना है?**

राजनीतिक गलियारों में ताजा चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 नवंबर को अपने मंत्रिपरिषद में फेरबदल या विस्तार कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

**● पश्चिम बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने के बाद, आरएसएस का विकास संगठन की अपेक्षाओं से कहीं अधिक हुआ**

हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखाओं की संख्या में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि शाखाओं की नवीनतम संख्या के अंतिम आंकड़े शीघ्र ही संकलित किए जाएंगे, लेकिन बंगाल के विभिन्न जिलों से प्राप्त रिपोर्टों से पता चलता है कि पिछले वर्ष की तुलना में इनकी संख्या में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जब राज्य भर में लगभग 5,000 शाखाएं थीं। शाखाओं में उपस्थिति भी बढ़ी है। पहले एक शाखा में 10-20 लोग आते थे, अब 50-60 लोग आते हैं। बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने से स्थिति में स्पष्ट रूप से बदलाव आया है। यह एक तथ्य है कि भाजपा द्वारा तृणमूल सरकार को सत्ता से हटाने के बाद बड़ी संख्या में लोग आरएसएस शाखाओं में शामिल हुए। कई क्षेत्रीय आरएसएस नेताओं का दावा है कि परिदृश्य में नाटकीय रूप से बदलाव आया है और संगठन का विकास हमारी अपेक्षाओं से कहीं अधिक हुआ है।

**● क्या डीएमके भाजपा के परिसीमन के प्रस्ताव का समर्थन करेगी?**

इस बात को लेकर अटकलें तेज हो रही हैं कि क्या भाजपा परिसीमन विधेयक को संसद में पारित कराने के लिए डीएमके का समर्थन मांग रही है। सूत्रों के मुताबिक, द्रविड़ पार्टी को मनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है। एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम में, पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि डीएमके के दूसरे सबसे बड़े नेता और एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन इन महत्वपूर्ण वार्ताओं में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। यह देखना बाकी है कि क्या यह गुप्त प्रयास वैचारिक मतभेदों को दूर कर पाएगा।

## प्रशासनिक

**● भारत के सबसे युवा कलेक्टरों में से अधिकांश 2018 बैच के हैं**

आईएएस अधिकारियों का 2018 बैच पूरे भारत में जिला कलेक्टरों, जिला मजिस्ट्रेटों और उपायुक्तों के रूप में कार्यरत सबसे युवा अधिकारियों में सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला बैच है।

**● संसद का नया सुरक्षा प्रमुख कौन होगा?**

संसद के सुरक्षा प्रमुख के पद के लिए खोज जारी है। असम-मेघालय कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग अग्रवाल का कार्यकाल अगले साल की शुरुआत में समाप्त हो रहा है।

**● पीआईबी और सीबीसी का विलय एक एकीकृत संगठन में किया जाएगा**

मौजूदा प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) और केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) को कार्यात्मक रूप से एकीकृत करके एक ही संगठन बनाया जाएगा जिसे प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) के नाम से जाना जाएगा। मुख्यालय स्तर पर, सीबीसी कार्यालय का पीआईबी में विलय कर दिया जाएगा, और एकीकृत संगठन का नेतृत्व पीआईबी, नई दिल्ली के महानिदेशक (समन्वय) करेंगे। महानिदेशक (समन्वय) संचार बोर्ड के अध्यक्ष को रिपोर्ट करेंगे। एकीकरण के बाद, पूर्व सीबीसी और पीआईबी के सभी अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) स्तर के भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) अधिकारी नई दिल्ली स्थित पीआईबी के महानिदेशक (समन्वय) को रिपोर्ट करेंगे। दिल्ली स्थित मंत्रालयों और विभागों में तैनात संचार एवं मीडिया समन्वयक (सीएमसी) भी पीआईबी के महानिदेशक (समन्वय) को रिपोर्ट करेंगे।राज्य स्तर पर भी यही एकीकरण प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी।

**● धीरेन्द्र प्रकाश को कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड का निदेशक (वित्त) नियुक्त किया**



लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड (एनएचडीसीएल) के कार्यकारी निदेशक धीरेंद्र प्रकाश के नाम की सिफारिश कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) (अनुसूची बी) में निदेशक (वित्त) के पद के लिए की है।

**● सचिव स्तर के अधिकारी दलेला नेपाल में भारत के नए राजदूत बने**



सुधाकर दलेला ने नेपाल में राजदूत के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। भारत ने पहली बार अपने विदेश मंत्रालय से 1993 बैच के सचिव स्तर के अनुभवी राजनयिक को नेपाल में राजदूत नियुक्त किया है।

**● गृह मंत्री ने एक महीने में दूसरी बार दिल्ली पुलिस मुख्यालय का दौरा किया**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार दोपहर एक महीने में दूसरी बार दिल्ली पुलिस मुख्यालय का दौरा किया। बताया जा रहा है कि मंत्री ने अधिकारियों के साथ राजधानी की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

**● छह सूचना अधिकारियों का तबादला किया गया है, कंचन प्रसाद मंडलौस प्रकाशन प्रभाग निदेशालय के महानिदेशक बने**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने गुरुवार को भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के छह ग्रुप 'ए' अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया। इस फेरबदल में केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी), समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी) और अन्य संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यभार में परिवर्तन शामिल हैं।

**इस तबादले से प्रभावित होने वाले अधिकारी निम्नलिखित हैं—**

केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), नई दिल्ली के महानिदेशक (डीजी) कंचन प्रसाद मंडलौस का तबादला कर उन्हें प्रकाशन प्रभाग निदेशालय (डीपीडी), नई दिल्ली के महानिदेशक के पद पर तैनात किया गया है।

आर.के. जैन, महानिदेशक (समाचार), समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी), अखिल भारतीय रेडियो (एआईआर), नई दिल्ली, को पीआईबी, नई दिल्ली के महानिदेशक (समन्वय) के अतिरिक्त एआईआर महानिदेशक का प्रभार सौंपा गया है। एल मधु नाग, महानिदेशक (मीडिया एवं संचार), पीआईबी, नई दिल्ली, साथ ही महानिदेशक (प्रशिक्षण), भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार, महानिदेशक (समाचार), एनएसडी, एआईआर, नई दिल्ली, और अखिल भारतीय रेडियो के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार।

# विकसित भारत का सपना केवल पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं : राजनाथ सिंह

## रक्षा मंत्री ने लखनऊ में ब्रह्माकुमारीज के नवनिर्मित 'दिव्य संस्कृति भवन' का किया लोकार्पण




**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य ऐसा राष्ट्र बनाना है, जहां परिवारों में संस्कार, समाज में सद्भाव, महिलाओं के प्रति सम्मान, युवाओं में अनुशासन और नागरिकों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध हो।

उन्होंने कहा कि देश केवल कानूनों से नहीं, बल्कि चरित्र से चलता है। कानून व्यवस्था बनाए रख सकते हैं, लेकिन समाज में विश्वास और सद्भाव अच्छे संस्कारों से ही पैदा होते हैं। रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को लखनऊ के सुलतानपुर रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज के राजयोग प्रशिक्षण केंद्र गुलजार उपवन में नवनिर्मित 'दिव्य संस्कृति भवन' का लोकार्पण करने के बाद यह बात कही।

राजनाथ सिंह ने कहा कि यह भवन सूर्य की भांति आध्यात्मिकता के प्रकाश को लखनऊ ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में प्रसारित करने में सहायक होगा। ब्रह्माकुमारीज ने आध्यात्मिकता के माध्यम से लाखों लोगों को जीवन में पूर्णता की ओर बढ़ने का अवसर दिया है। संस्था लगभग 140 देशों तक पहुंचकर मानवता को शांति, संतुलन और आत्मसम्मान का संदेश दे रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज की बहनें नशामुक्ति अभियान चला रही हैं। संस्था के सदस्य अपने सेवा कार्यों से राष्ट्र निर्माण को गति दे रहे हैं। ऐसे प्रयास आध्यात्मिक चेतना, सेवाभाव और समर्पण से ही संभव हैं। आध्यात्मिक विकास केवल व्यक्तिगत मुक्ति का मार्ग नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण का भी माध्यम है। रक्षा मंत्री ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को दिशा देने का पवित्र जरिया है। राजनीति का नाम सुनते ही आज युवाओं में नकारात्मक भाव पैदा होते हैं। ऐसे में राजनीति को अध्यात्म और सेवा से जोड़ने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत हित से पहले समाज के हित को महत्व देना चाहिए। राजनीति में आने वालों के मन में अधिकार से पहले उत्तरदायित्व का भाव होना चाहिए। भारत में राजधर्म की समृद्ध परंपरा रही है। राजा को प्रजा के सुख-दुख का सहभागी होना चाहिए। आज युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए इसी दृष्टिकोण को फिर से स्थापित करना जरूरी है। यदि राजनीति में सेवा, राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण दिखाई देगा तो युवा भी इससे जुड़ेंगे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ आज अपनी नई पहचान बना रहा है। शिक्षा, संस्कृति, रक्षा, सुरक्षा, उद्योग और व्यापार सहित हर क्षेत्र में शहर अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज करा रहा है। विकास की नई संभावनाओं के साथ लखनऊ देश के सामने एक नई भूमिका में उभर रहा है। ब्रह्माकुमारीज लखनऊ की सब जोन प्रभारी राजयोगिनी बीके राधा दीदी ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना के 90 वर्ष और लखनऊ में संस्था की आध्यात्मिक सेवाओं के 72 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नवदशकोत्सव मनाया जा रहा है।

# ओवैसी-चंद्रशेखर के साथ आने से भाजपा की राह नहीं रुकेगी : रमेश अवस्थी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, कानपुर :** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नए राजनीतिक समीकरण बनने लगे हैं। ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के संभावित गठजोड़ पर कानपुर के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रमेश अवस्थी ने इसे विपक्ष की एक और चुनावी कवायद बताया है। उनका कहना है कि अलग-अलग दलों के साथ आने से भाजपा के जनाधार पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है।

सांसद रमेश अवस्थी ने शुक्रवार को कहा कि दोनों नेताओं के पास ऐसा कोई राजनीतिक आधार नहीं है, जिससे प्रदेश की सत्ता की लड़ाई में बड़ा बदलाव आ सके। उन्होंने इस गठजोड़ को शून्य से शून्य का मिलन बताते हुए कहा कि केवल जाति और धर्म के सहारे चुनावी राजनीति करने से जनता का भरोसा नहीं जीता जा सकता। उनके मुताबिक, मतदाता अब विकास और सरकार के कामकाज को देखकर फैसला कर रहे हैं।

उन्होंने भाजपा की चुनावी स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पार्टी को हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। ओवैसी और चंद्रशेखर के साथ आने से भाजपा के सामने कोई मुश्किल खड़ी नहीं होगी।

उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में 300 से अधिक सीटें जीतने का दावा किया। अवस्थी ने कहा कि नए राजनीतिक गठबंधनों को लेकर भाजपा के बजाय सपा और कांग्रेस को अपनी रणनीति की चिंता करनी चाहिए। अखिलेश यादव और राहुल गांधी को यह देखना होगा कि चुनाव में उनके सामने किस तरह की राजनीतिक चुनौती खड़ी हो रही है। चुनाव नजदीक आने पर दूसरे दल भी अपने समीकरण बनाने की कोशिश करेंगे।

प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चा पर भी अवस्थी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने बिहार और बंगाल के चुनावी प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा कि वहां के नतीजों से कांग्रेस की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में भी पार्टी को बड़ी कामयाबी मिलने की उम्मीद नहीं है।

# डाला छठ पर्व पर 16 नवंबर को वाराणसी में रहेगा स्थानीय अवकाश

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** डाला छठ पूजा महापर्व के मद्देनजर वाराणसी जिले में सोमवार, 16 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी के जारी आदेश पत्र में कहा गया है कि छठ पूजा के अवसर पर घोषित यह स्थानीय अवकाश राजस्व विभाग के कार्यालयों में प्रभावी रहेगा। इसके तहत संबंधित कार्यालय सोमवार को बंद रहेंगे।

**महापर्व छठ पूजा के आयोजन को लेकर बरेका सूर्य सरोवर पर तैयारियां पूरी :** लोक आस्था, पवित्रता एवं सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा के भव्य आयोजन को लेकर बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) स्थित सूर्य सरोवर परिसर में तैयारियां पूरी हो गईं है । इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत प्रकाश, सजावट एवं आवागमन को सुगम बनाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। यह जानकारी बरेका के जन संपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि छठ पूजा के अवसर पर सूर्य सरोवर परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत झालरों एवं आकर्षक रोशनी से सजाया जा रहा है, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय एवं उत्सवी वातावरण से आलोकित हो उठेगा। उन्होंने बताया कि बरेका प्रशासन द्वारा छठ महापर्व को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालु सुविधाजनक रूप से इस पावन पर्व में सहभागिता कर सकें। उल्लेखनीय है, कि बरेका स्थित सूर्य सरोवर में प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाता है।

# वाराणसी में नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व डाला छठ, घरों से घाटों तक गूंज रहे छठी मईया के गीत

## पूजन सामग्री की खरीदारी और गंगाघाटों, तालाबों के तटों पर वेदी बनाने की तैयारियां तेज

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** लोक आस्था, सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का प्रतीक चार दिवसीय महापर्व डाला छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व की शुरुआत होते ही वाराणसी सहित पूरे पूर्वांचल और उत्तर प्रदेश में छठी मइया की आराधना का माहौल बन गया है।

वाराणसी मंडल के रेलवे स्टेशनों से लेकर घरों और बाजारों तक छठी मइया के पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं। 'बाट जे पूछेला बटोहिया, बहंगी केकरा के जाय...' और 'कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए...' जैसे लोकगीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। महापर्व को लेकर व्रती महिलाओं और उनके परिजनों में खासा उत्साह है। पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में पूजन सामग्री की खरीदारी के साथ प्रसाद तैयार करने और छठ पूजा के लिए वेदी बनाने का काम शुरू हो गया है। वाराणसी में गंगा घाटों, कुंडों और सरोवरों के किनारे श्रद्धालु पूजा स्थल तैयार करने में जुटे हैं। वहीं, प्रदेश के अन्य जिलों में भी नदियों और तालाबों के किनारे वेदी बनाने तथा पूजा के लिए स्थान सुरक्षित करने की तैयारियां चल रही हैं।

**नहाय-खाय से शुरू हुई चार दिवसीय पूजा:** महापर्व के पहले दिन शुक्रवार को व्रती महिलाओं ने सुबह स्नान-ध्यान कर भगवान सूर्य की आराधना की और चार दिवसीय व्रत का संकल्प लिया। इसके बाद आम की लकड़ी से मिट्टी के चूल्हे पर अरवा चावल का भात, चने की दाल और कद्दू की सब्जी तैयार कर छठी मइया को भोग अर्पित किया। शाम को व्रती महिलाएं इस प्रसाद को ग्रहण करेंगी और परिवार के सदस्यों के बीच वितरित करेंगी।शनिवार, 14 नवंबर को खरना मनाया जाएगा। इस दिन व्रती महिलाएं दिनभर निर्जल उपवास रखकर छठी मइया का ध्यान करेंगी। शाम को स्नान के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रसियाव (गुड़ की खीर), घी लगी रोटी और केले का भोग अर्पित किया जाएगा।

खरना के साथ ही 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। रविवार को छठ महापर्व का तीसरा दिन होगा। इस दिन व्रती महिलाएं पारंपरिक छठ गीत गाते हुए सिर पर पूजा सामग्री से सजी देउरी लेकर गाजे-बाजे के साथ गंगा घाटों, नदियों और सरोवरों की ओर प्रस्थान करेंगी।

# युवा राष्ट्र प्रथम की भावना से करें कार्य : बिसेन

देहरादून। राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने शुक्रवार को लोक भवन प्रेक्षागृह में विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने और अपनी प्रतिभा का उपयोग देश के विकास में करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि युवाओं में ज्ञान की जिज्ञासा, भविष्य के प्रति आशाएं और समाज व राष्ट्र के लिए कुछ करने का संकल्प ही देश की सबसे बड़ी शक्ति है। राष्ट्र प्रथम का अर्थ अपने पारिवारिक और व्यक्तिगत दायित्वों की उपेक्षा करना नहीं, बल्कि प्रत्येक प्रयास को राष्ट्रहित से जोड़ना है। उन्होंने सत्यनिष्ठा, अनुशासन, परिश्रम, विनम्रता और आत्मसंयम को सफलता के महत्वपूर्ण गुण बताया।

उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, योग, खेल, व्यायाम और ध्यान को जीवनशैली का हिस्सा




बनाने की अपील की। साथ ही सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा और स्वच्छता को दैनिक जीवन का संस्कार बनाने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, कौशल भारत, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और खेलो इंडिया जैसी पहल युवाओं के लिए नए अवसर खोल रही हैं। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। उन्होंने युवाओं से बड़े सपने देखने, असफलताओं से सीखने और निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शिवेंद्र कुमार कश्यप सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बेस्ट गंगा टाउन में देश में तीसरा स्थान मिलने पर ननि में जश्न



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** स्वच्छता सर्वेक्षण में बेस्ट रिवर फ्रंट टाउन श्रेणी में संपूर्ण देश में तृतीय स्थान प्राप्त होने पर शुक्रवार को वाराणसी नगर निगम में उत्साह का माहौल रहा। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में सिगरा स्थित नगर निगम मुख्यालय के मीटिंग हॉल (सभागार) में सम्मान समारोह व समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी ने काशी को स्वच्छ और सुंदर बनाने में दिन-रात जुटे रहने वाले दस सफाई कर्मचारियों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर व सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महापौर ने सभी काशीवासियों और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आह्वान किया कि इस उपलब्धि से प्रेरणा लेते हुए आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में काशी को देश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करना होगा। योजनाओं और शहर को और अधिक सुंदर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में उपसभापति नरसिंह दास, पार्षद अशोक मौर्य, मदन मोहन तिवारी, बलिराम कन्नौजिया, सुरेश पटेल, मदन मोहन दुबे आदि पार्षदों की उपस्थिति रही।



देहरादून। राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन से शुक्रवार को लोक भवन में उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. एल. अश्वघोष महाथेरा के नेतृत्व में बौद्ध प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में वेन संघ घोष, डॉ. अकी हितो और नरेंद्र कुमार बौद्ध शामिल रहे।

**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDERS (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender:

| S.No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1 | MPSEDC/ DRONE/2026/718 | RFP for Drone-As-A service (Daas) for various projects of the State Government. |

For detailed scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal (www.mptenders.gov.in).
M.P. Madhyam/129086/2026 EXECUTIVE DIRECTOR

# आपका राशिफल 14 नवम्बर

**मेष** चू चे चो ला ली लू ले लो आ

खान पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही करें। शुभांक-3-6-9

**वृष** इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** का की कू घ ङ छ के को ह

कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

**कर्क** ही हू हे हो डा डी डू डे डो

आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**सिंह** मा मी मू मे मो टा टी टू टे

शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक 2 5 7

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

सुख आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्यायाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

**तुला** रा री रु रे रो ता ती तू ते

शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** तो ना नी नू ने नो य यी यू

समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक 3 6 7

**धनु** ये यो आ भी भू धा फा ढा भे

नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

**मकर** भे जा जी खी जू जे खो गा गी

सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

**कुंभ** गू गे गो सा शी शू शे शो ढा

समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मीन** दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6